Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to formulate a plan to prevent deaths occurring due to wild elephants menance in Jashpur and Raigarh districts of Chhattisgarh.

श्रीमती गोमती साय (रायगढ़): अध्यक्ष महोदय, यह बहुत गंभीर मामला है । यह मामला छत्तीसगढ़, झारखंड और उड़ीसा का मामला है । …(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से मंत्री जी को अवगत कराना चाहती हूं कि छत्तीसगढ़-बिलासपुर एवं सरगुजा हाथी प्रभावित संभाग हैं । बिलासपुर संभाग, कोरबा, रायगढ़-सरगुजा संभाग, जसपुर जिला, सरगुजा एवं बलरामपुर जिलों में हाथियों के कारण फसलों को बहुत नुकसान हो रहा है ।…(व्यवधान)

हाथियों के द्वारा काफी व्यक्तियों की मृत्यु हो रही है । दो-तीन साल में 300 से 400 लोगों की मृत्यु हो चुकी हैं । अध्यक्ष महोदय, यह बहुत गंभीर विषय है इसलिए जंगली इलाकों में ,जहां ग्रामीण लोग रहते हैं, वहां पर शाम को निकलना बहुत मुश्किल हो जाता है । किसानों की फसलों का नुकसान हो रहा है । मेरे निवार्चन क्षेत्र में बादलखोल अभयारण्य है, जिसे एलिफैंट रिसर्च क्षेत्र घोषित किया जाए व वहां प्राकृतिक आवास की व्यवस्था भी की जाए । बादलखोल अभयारण्य हाथियों के लिए काफी घना है । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, एक-एक मिनट में अपना विषय रख दें ।